nt>

Title: Need to clear BSNL's backlog of cases for new telephone connections and introduce mobile SIM services at Indore in Madhya Pradesh.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर) : उपाध्यक्ष जी, इंदौर शहर मध्य प्रदेश की औद्योगिक राजधानी है। यहां पर ड्राप वायर, तरंग उपकरण, मोबाईल सिम, इन सभी की अनुपलब्धता के कारण उपभोक्ता नये टेलीफोन कनैक्शन के लिए परेशान है। विभाग द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि मोबाईल सिम शीघ्र ही इंदौर के लिए आबंटित की जाएगी, लेकिन वह अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गयी है। वर्तमान में बी.एस.एन.एल किसी भी तरह का कोई भी कनैक्शन शीघ्र उपलब्ध कराने की स्थिति में नहीं है।

अतः मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इंदौर की संचार व्यवस्था सुधारने हेतु शीघ्र निर्देश जारी करने का कट करें ताकि इंदौर के उपभोक्ताओं को शीघ्र राहत पहुंचाई जा सके।